14 सूचकांकों की सतत समीक्षा होती रहे: निधि छिब्बर



14 पीजी महाविद्यालय में फाइलेरिया की दवाई का किया गया वितरण



## खबर संक्षेप

### दो आरोपियों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और सरायपाली में शराब जब्ती के मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि 20 मार्च को बसना से बिलाईगढ़ मार्ग किनारे ग्राम रसोड़ा में आरोपी कमलेश नायक पिता राजेश नायक (26 साल) वार्ड नं 03 बसना के कब्जे से कुल 7 लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सरायापाली थाना क्षेत्र के ग्राम बैदपाली रोड सप्ताहिक बाजार के पास आरोपी कार्तिकेश्वर चौहान पिता अवधूत चौहान (32 साल) रिसेकेला के कब्जे से 2 लीटर महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**मौसम :** उमस ने किया परेशान, अचानक आई बदली व बारिश ने लोगों का रोका रास्ता, हलाकान रहे लोग

# मौसम में बदलाव के साथ हुई बरसात, गर्मी से थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जुबानों को पानी मिला तो ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली, मौसम बदलने से लोगों की सेहत भी विपरित असर

पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक, अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई थी। जिसका असर पिछले दो दिनों से जिले में भी दिखाई दे रहा है शुक्रवार सुबह से ही बादल छाए रहे और देर शाम होते-होते बारिश भी हो गई। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को हुई बारिश ने गर्मी से तो राहत पहुंचाई। लेकिन, इसके बाद लोग उमस से परेशान रहे। वहीं बेजुबानों को पानी मिला तो ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। हवा, तूफान और बारिश ने लोगों का रास्ता भी रोका। लेकिन, गर्मी के इस मौसम में थोड़ी राहत दी।



### जानिए कैसा रहेगा संभावित तापमान

| दिनांक | अधिकतम / न्यूनतम |
| --- | --- |
| 22 मार्च | 31/20 |
| 23 मार्च | 31/20 |
| 24 मार्च | 34/19 |
| 25 मार्च | 35/20 |
| 26 मार्च | 36/21 |

### तापमान में गिरावट के आसार

पिछले चार दिन पहले तक गर्मी से लोग हालाकान थे। मार्च माह में ही अप्रैल में पड़ने वाली गर्मी का अहसास करा रही थी और दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था। पर, मौसम में बदलाव के कारण आज दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 21 तक हो गया। आने वाले चार दिनों तक लोगों को गर्मी से राहत मिलने वाली है।

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

स्थानीय जिला अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिक में भी इन दिनों वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिले के अलग-अलग सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों में जहां रोजाना ऐसे हजार से डेढ़ हजार मामले सामने आ रहे हैं।

### राहत भरी बारिश

शहर और आसपास हुई यह बारिश नुकसानदायक है। क्योंकि, आम के मौरने का दिन है। बौरश और तेज हवा चलने के कारण आम फसल भी प्रभावित हुआ। किसानों का कहना है यह बारिश फसल के लिए नुकसानदायक है।

### मार्च माह में क्यों हुई बारिश

बादल में जब पानी की अन्य बूंदों पर अधिक पानी संघनित होता है, तो बूंदें बढ़ती हैं। जब वे बादल में लटके रहने के लिए बहुत भारी हो जाते हैं, तो बादल के भीतर ऊपर की ओर बहने वाली हवा के साथ भी, वे बारिश के रूप में धरती पर गिरते हैं।

### लगातार बढ़ रही पानी की समस्या

क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या है। इस संबंध विभागीय अधिकारियों से बात करने पर बताया कि जल्द ही जल उपयोगिता समिति की बैठक आहूत की गई। उच्चाधारिकों के संज्ञान में दे दिया गया है। इसके बाद ही जलाशयों से पानी छोड़ा जाएगा।

**अघोषित बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर आक्रोश**

# किसानों ने किया तेंदूकोना बिजली दफ्तर का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

- सैकड़ो की संख्या में उपस्थित किसानों में समस्या को लेकर भारी आक्रोश देखा गया

अंचल में लगातार हो रहे अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसान हलाकान व परेशान है। खरीफ फसल उपरांत किसान वर्तमान में अपना पूरा समय रबी फसल में लगा रहे है। किंतु, बिजली कटौती की समस्या से फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने की वजह से फसल नष्ट होने के कगार पर पहुंच गया है। जिससे किसानों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से फसल चौपट होने की डर से किसान काफी चिंतित है। चूंकि अंचल के सभी कृषक कृषि पर ही निर्भर है। ऐसी स्थिति में आर्थिक बोझ की चिंता सभी किसानों पर बनी हुई है। बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या कोई दो चार दिनों से नही बल्कि विगत कई महीनो से है। वर्तमान में तेंदूकोना सहित अंचल के दर्जनों गांव के उपभोक्ता इस गंभीर समस्या से जूझ रहे है।

इसी कड़ी में गुरुवार रात को अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर एक दर्जन से भी अधिक गांवों के ग्रामीणों ने तेंदूकोना बिजली दफ्तर का घेराव किया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे किसानों में बिजली समस्या को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। भारी संख्या में मौजूद किसानों ने सबसे पहले बिजली दफ्तर का घेराव करते हुए नारेबाजी की व भारी हंगामा किया बाद तेंदूकोना बस स्टैंड पहुंचकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। करीब ढाई घंटा चले इस प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं थे। मौके पर तेंदूकोना थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने दल बल के साथ पहुंचकर कमान संभाला। बाद बागबाहरा एसडीओपी मिलिंद पांडे, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, कोमाखान थाना प्रभारी नितेश ठाकुर मौके पर पहुंचकर किसानों से बिजली समस्या पर चर्चा की। बिजली समस्या दूर करने के आश्वासन पर किसानों ने प्रदर्शन खत्म की। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बिजली दफ्तर पहुंचकर कनिष्ठ यंत्री को फोन कर फटकार लगाई, उन्होंने स्कूली बच्चों का परीक्षा जारी है को अवगत कराते हुए एक समय सीमा तक बिजली कटौती करने की बात कही। इस दौरान तेंदूकोना सहित मोंगरापाली, सरायपाली, सम्हर, कौहाकुड़ा, कौसरा, कोटनपाली, लमकेनी, ठकुरीपाली, शिकारीपाली, भीखापाली, डोकरपाली, टुरीझर, कलमीदादर आदि गांव की सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी में एक किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी हो गई।



पुलिस को खल्लारी पुलिस को कृष्ण कुमार साहू निवासी ग्राम सिंघी ने बताया कि वह 19 मार्च को सामान खरीदने के लिए अपने मोटर सायकल से खल्लारी आया था। शाम करीबन 6.30 बजे अपनी बाइक सीजी 06 जीएच 8809 को गुप्ता किराना स्टोर्स के सामने खड़ी कर लॉक किया और गुप्ता किराना स्टोर्स वाले मनहरण गुप्ता के घर में बैठा था। शाम करीबन 7.30 बजे घर से निकलकर देखा बाइक वहां नहीं थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक मड थैरेपी, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों ने कराया उपचार



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कालोनी में प्राकृतिक मड थैरेपी से मरीजों का निःशुल्क उपचार करने चिकित्सा शिविर आयोजित है। छत्तीसगढ़ में पहली बार अपनी तरह के इस अनूठे शिविर में 26 प्रकार की जड़ी बूटियों से निर्मित मिट्टी का लेप कर उदयपुर के प्रशिक्षित डॉ. बीडी शर्मा और उनके साथ 15 सदस्यीय टीम सेवा दे रही है। शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने शिविर स्थल पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन,प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल सहित उनकी टीम शिविर स्थल पर व्यवस्था बनाये रखने सहयोग प्रदान कर रही है।

### मुंबई के सिंधी कलाकारों का नाट्य मंचन कल



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'एक पहल और' द्वारा 22 मार्च को शहीद स्मारक भवन राजबंधा मैदान में मुंबई के सिंधी कलाकारों द्वारा सिंधी नाटक सिंधियत जी खुशबू एवं आई लव यू का नाट्य मंचन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि मुंबई के कलाकारों की टीम द्वारा समाज में बढ़ रही सामाजिक समस्या एवं पारिवारिक समस्या को बहुत ही सुंदर तरीके से नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा। संरक्षक राजेश वाधवानी, संजय पोपटानी, प्रेमचंद छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है और कार्यक्रम समाप्ति के बाद रात्रि भोजन की व्यवस्था रहेगी।

### डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अगले माह सुनवाई

**रायपुर।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा के आवेदन पर डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने के मामले में ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। ढेबर तथा टुटेजा ने आठ डिस्टलरी संचालकों तथा एफएल-10 ए कंपनियों को आरोपी बनाने कोर्ट में आवेदन पेश किया है। विशेष न्यायाधीश निधी शर्मा तिवारी का स्थानांतरण बिलासपुर हाईकोर्ट में होने के कारण सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई है।

### खड़े ट्रक से लोहे की तीन प्लेट चोरी, केस दर्ज

**रायपुर।** धरसींवा थाने की सिलतरा चौकी में एक ट्रक मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ उनके खड़े ट्रक से 76 हजार रुपए कीमत की तीन नग लोहा प्लेट चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंदिर हसौद निवासी अमरेंद्र कुमार ने लोहा प्लेट चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका ट्रक ड्राइवर तथा खलासी अपने किसी दूसरे ट्रक का माल अनलोड कराने गए थे। इस दौरान धनेली नाला मोड़ के पास खड़े ट्रक से अज्ञात चोर लोहा प्लेट चोरी कर ले गए।

### स्कूल का ताला तोड़कर वाद्य यंत्र किए पार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल ने अज्ञात चोर के खिलाफ स्कूल के अलग-अलग कमरों का ताला तोड़कर 10 हजार रुपए कीमत का इलेक्ट्रॉनिक गिटार तथा बेंजो चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वाधवा स्कूल के प्रिंसिपल अरविंद शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अरविंद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# पिछली गर्मी में खराब वाटर कूलर सुधरा नहीं तो छात्रों ने विभाग के दफ्तर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पानी की सभी लोगों को जरूरत होती है। यह सुविधा शासकीय कन्या एवं बालक छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भी दी जा रही है, लेकिन राजधानी रायपुर के पेंशनबाड़ा में संचालित दो बालक छात्रावास हैं, जहां पिछली गर्मी से खराब पड़े वाटर कूलर को अब तक सुधारा नहीं गया है। इसके कारण इन दोनों छात्रावास में रहने वाले छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। इससे परेशान होकर छात्रों ने गुरुवार को खराब पड़े दोनों वाटर कूलर को छात्रावास से उठाकर कलेक्टोरेट स्थित आदिम जाति विकास विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के अध्यक्ष राजपुरोहित सोनवानी ने बताया कि छात्रावास में विभाग द्वारा वाटर कूलर लगाया गया था। इस वाटर कूलर को खराब हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, जिसके कारण छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। प्री मैट्रिक छात्रावास में भी वाटर कूलर कई महीनों से बिगड़ा पड़ा हुआ है। दोनों वाटर कूलर को ठीक करने के लिए विभाग को आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इसे सुधारा नहीं गया है। गर्मी का सीजन शुरू हुए डेढ़ महीने से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी वाटर कूलर को ना ही सुधारा गया और न ही






**रिप्लेस कर नए वाटर कूलर लगाए जाएंगे**

सुधारने के बाद वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इन दोनों को अब रिप्लेस किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक-दो दिनों के भीतर नए वाटर कूलर लग जाएंगे।

- **विजय सिंह कंवर**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर

#### नया वॉटर कूलर दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद वाटर कूलर को नहीं सुधारे जाने के विरोध में अब समस्त छात्रों ने निर्णय लिया कि इस खराब वाटर कूलर को विभाग को वापस कर देंगे। इस निर्णय के तहत छात्रों ने गुरुवार को दोनों छात्रावास के वाटर कूलर को विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारी का कहना है कि वाटर कूलर खराब हुए थे, जिसे आवेदन मिलने के बाद सुधारा गया था, लेकिन अब दोनों फिर खराब हो गए हैं। इन दोनों वाटर कूलर को अब रिप्लेस कर नया वाटर कूलर छात्रावासों को दिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सुविधा : नवरात्रि और विशेष अवसरों पर ज्योति प्रज्ज्वलन की बुकिंग भी सुविधा

# मां चंडी के लाइव दर्शन के साथ ही आरती में ऑनलाइन शामिल हो सकेंगे भक्तगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अब श्रद्धालु घर बैठे घुचापाली वाली श्रीचंडी

- **वेबसाइट लांन्च : बागबाहरा के चंडी माता मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन बुकिंग समेत डिजीटल सुविधाएं शुरू**

माता के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट www.chandi-mata.in का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। वेबसाइट के माध्यम से भक्त माता के दर्शन के साथ प्रातः एवं संध्या आरती में भी ऑनलाइन सम्मिलित हो सकते हैं। इसके अलावा नवरात्र और विशेष अवसरों पर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन की बुकिंग भी ऑनलाइन की जा सकेगी। वेबसाइट पर मंदिर और माता चंडी से जुड़ी सभी पौराणिक, ऐतिहासिक और आधुनिक जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। यह श्रद्धालुओं के लिए एक सुविधाजनक डिजिटल प्लेटफार्म होगा, जहां वे मंदिर में होने वाले सालभर के कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। चंडी माता मंदिर की प्रसिद्धि अब वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है।



सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए माता की महिमा श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जा रही है। इस पहल में महासमुंद के सॉफ्टवेयर इंजीनियर सब्यसाची पाणिग्रही का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने इस वेबसाइट को तैयार कर मंदिर को दान किया है। मीडिया और संचार के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नीरज गजेंद्र वेबसाइट के कंटेंट एडवाइजर और वेब एडिटर की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया और संचार संसाधनों के विस्तार से धार्मिक स्थलों के प्रचार-प्रसार की नई संभावनाएं खुली हैं। यह वेबसाइट माता चंडी के प्रति आस्था रखने वाले हर श्रद्धालु के लिए सुविधा का एक नया माध्यम बनेगी। वेबसाइट लॉन्चिंग समारोह के मुख्य अतिथि खल्लारी के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने शुभकामनाएं देते हुए इसे आध्यात्मिक और तकनीकी प्रगति का अद्भुत संगम बताया। उन्होंने कहा कि मां चंडी की महिमा अपरंपार है, और यह वेबसाइट दुनिया भर में फैले श्रद्धालुओं को मां के सान्निध्य का अनुभव कराएगी।

उन्होंने इस पहल के लिए मंदिर समिति और तकनीकी टीम को बधाई दी और विश्वास जताया कि यह वेबसाइट भक्तों और मां चंडी के बीच सेतु का कार्य करेगी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल ने कहा कि यह केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक परंपराओं को आधुनिक युग से जोड़ने का माध्यम है। ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ चंद्राकर ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि श्रद्धालु अब कहीं से भी मां के दर्शन कर सकेंगे और उनकी कृपा प्राप्त कर सकेंगे। समारोह का संचालन दानवीर शर्मा और आभार ट्रस्ट के अध्यक्ष लालचंद जैन ने किया। मौके पर मंदिर ट्रस्ट के सचिव पोखराज साहू, संस्थापक ट्रस्टी नंदकुमार चंद्राकर, रामजी तिवारी, सदस्य गणेश चंद्राकर, महावीर जैन, रमेश चंद्राकर, गणेश शर्मा, सार्थक शुक्ला, पूनम ओझा, बिसाहु विश्वकर्मा, कांतु चंद्राकर, नितिन परमार, पुरुषोत्तम ओझा, नवनीत देवांगन, मन्नू चंद्राकर, राजनारायण शुक्ला, हेमंत तिवारी, सुरेंद्रकुमार गोयल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने इस नई सुविधा के प्रति उत्साह व्यक्त किया और इसे आध्यात्मिक जुड़ाव को और सशक्त बनाने वाला कदम बताया।

## कौहाकुड़ा में बिजली कटौती के खिलाफ़ आज धरना : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसान संघर्ष समिति के संयोजक अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज 22 मार्च को कौहाकुड़ा में दोपहर 1.30 बजे से बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज व फेस चेंज के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन कर सराइपाली स्थित विद्युत केंद्र में ज्ञापन सौंपा जाएगा। अंकित बागबाहरा ने बताया कि पिछले मार्च 2024 से किसानों की बिजली समस्या का समुचित समाधान नहीं होने के कारण आज किसानों की फसल मरने को है और बिजली विभाग और शासन प्रशासन के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही, उन्हें जगाने और ध्यानाकर्षण कर समस्या को दूर करवाने 22 मार्च शनिवार को कौहाकुड़ा में मुख्य मार्ग में धरना प्रदर्शन कर बिजली विभाग सराईपाली ठाकुरदिया कला में जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। अंकित ने सभी किसान भाइयों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



## दो वर्ष पूर्व ठगी की शिकायत पुलिस ने अब दर्ज किया 14 लोगों के खिलाफ अपराध

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में बिरगांव के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पूर्व जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसने प्रोफेसर कालोनी में 56 हजार वर्गफीट जमीन खरीदने का सात करोड़ 47 लाख 60 हजार रुपए में सौदा किया था। साथ ही वह जमीन बेचने के एवज में चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। एडवांस लेने वाले जमीन रजिस्ट्री कराने के बजाय जमीन बेचने से इनकार तो किया ही, साथ ही एडवांस रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। उरकुरा निवासी पतिराम साहू की शिकायत पर पुलिस ने पुरानी बस्ती, महामाईपारा निवासी सुपेता मटियारा, विजय सपहा, बृजलाल, राकेश, दीपक, कमला बाई, दसरी बाई, मुटन बाई, हीरा बाई, लक्ष्मिन बाई, ममता, करुणा, शकुन एवं सरस्वती बाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पतिराम ने पुलिस को बताया है कि उसने संबंधित लोगों से जमीन खरीदने इकरारनामा करने के बाद उन्हें वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच मकान बनवाने से लेकर मोबाइल खरीदने तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है।

# पाथवे पर दुकान सजाने वालों का कटेगा बिजली कनेक्शन लाइसेंस भी किया जाएगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई बार हिदायत देने के बाद भी बिरगांव निगम क्षेत्र के व्यापारी लोगों की आवाजाही के लिए बनवाए गए पाथवे ही नहीं, बल्कि सड़क तक दुकानें सजा रहे हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों की सुविधा बाधित होने की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे देखते हुए बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर आवागमन बाधित करने वाले व्यापारियों का लाइसेंस रद्द करने और उनके संस्थानों का बिजली कनेक्शन भी काटने की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने मामले की गंभीरता और कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी जनसामान्य के आवागमन को बाधित करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसे देखते हुए मैदानी अमले ने व्यास तालाब चौक से सिंघानिया चौक उरला, सरोरा से सुभाष चौक, बेंदरी और कन्हेरा जाने वाले मुख्य मार्ग तक अव्यवस्था फैलाने वालों का सर्वे कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम के मुख्य मार्गों से फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों का आना-जाना होता है। इस स्थिति को देखते हुए भी मार्ग के दोनों छोर पर दुकानदारी करने वाले व्यापारियों द्वारा अपनी सामग्री को लावारिस हालत में बाहर प्रदर्शित किया जा रहा है। कई बार हिदायत देने और बंदिश लगाने के साथ ही सामग्री जप्त करके जुर्माना लगाने पर भी व्यापारी नहीं मान रहे हैं।




- **बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर अब कार्रवाई की सुगबुगाहट हुई तेज**

#### मालिकों के खिलाफ होगी सख्ती

निगम आयुक्त ने ऐसे 100 से भी ज्यादा व्यापारियों के खिलाफ अब सख्ती का रास्ता अपनाने का मन बना लिया है। इनके संस्थानों का विद्युत कनेक्शन काटने के साथ ही लाइसेंस निरस्त और दुकान शील करने की तैयारी में है। सड़क तक सामान सजाने और आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ अब निगम अधिनियम कि धारा 322, 248, एवं आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज करने न्यायालय में वाद दायर करने का भी निर्देश किया है।

# महासमुंद पुलिस की कार्रवाई: चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 बांग्लादेशी सहित अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिले के बसना और सांकरा क्षेत्र में चोरी की वारदातों में संलिप्त लोगों का विदेशी कनेक्शन डिटेक्ट हुआ है। पुलिस ने जिले के बसना और सांकरा में चोरी के मामलों में लिप्त लोगों से कड़ाई से पूछताछ की तो इस बात का खुलासा हुआ कि वारदात को अंजाम देकर अपराधी पं. बंगाल के ज्वेलर्स को बेचते रहे और प्राप्त रकम को बांग्लादेश भेजे जाने की बात भी आरोपियों ने स्वीकारी है।

बसना और साकंरा में हुई 5-5 लाख की चोरियों की पतासाजी में जुटी थाना बसना और सांकरा में हुई वारदात का तरीका लगभग समान होने से दोनों प्रकरणों में पुलिस और सायबर की टीम द्वारा टॉवर डंप, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबीर सूचना के द्वारा आरोपी पतासाजी का प्रयास किए जाने के दौरान दो संदेहियों एवं उनके द्वारा प्रयुक्त मोटर सायकल के संबंध में सूचना मिली। टीम ने संदेहियों के छिपने के ठिकाने सुपर लॉज सरायपाली में दबिश दी गई एवं उनसे घटना के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किया गया।

संदेही ने पुलिस को अपना नाम मिलन मंडल पिता मुजाम्मिल मंडल उम्र 40 साल अवंती गली जामखंडी जिला बागलकोट कर्नाटक का निवासी होना एवं अपने एक साथी मो० शफीक शेख उर्फ बाबू शेख









पिता मो० इदरिश शेख निवासी पार्वतीपुर जिला दक्षिण दिनाजपुर राज्य रंगपुर, बांग्लादेश हाल पता वार्ड न० 28. दात्रि मस्जिद के पारा, दरबार गली बीजापुर विजयापुरा कर्नाटक अन्य पता माल्दा रेलवे स्टेशन के पास ग्राम भोजपुर थाना इंग्लिश बाजार जिला माल्दा पं बंगाल के साथ चोरी करने की बात स्वीकारी।

आरोपी मिलन मंडल से चोरी किये गये कुछ सोने एवं चांदी के गहने बरामद हुये एवं शेष गहनों एवं नगदी के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी के माल को अपने घर भेजना बताया गया। घर के संबंध में एवं किसे भेजा गया के संबंध में पूछताछ करने पर स्वयं को ग्राम पार्वतीपुर जिला दिनाजपुर राज्य रंगपुर बांग्लादेश का होना बताया एवं बांग्लादेश में उक्त पते पर निवासरत अपनी पत्नी मनोआरा को पैसा भेजना बताया।

चोरी के गहनों को अफसर मंडल निवासी मदयराम कृष्णोपुर (शाहपुकुर) थाना कुमार गंज दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल के सहयोग से सोनार जयदेव करमाकर डांगरहाट थाना कुमार गंज जिला दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल को बेचना एवं प्राप्त राशि तथा चोरी किए गए नगदी रकम को अफसर मंडल के माध्यम से बांग्लादेश भेजना बताया गया।

चोरी के माल को खपाने वाले अफसर मंडल एवं चोरी का सोना खरीदने वाले शारदा ज्वेलर्स के सोनार की पतासाजी हेतु डीएसपी बागबाहरा के नेतृत्व में 02 टीम दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल भेजा गया। उक्त टीम के द्वारा थाना कुमारगंज जिला दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ मिलकर आरोपी अफसर मण्डल एवं सोनार जयदेव करमाकर के कब्जे से क्रमशः 28 ग्राम एवं 272 ग्राम सोने के गहने जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं दोनों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर जिला महासमुंद लाया गया एवं पुलिस रिमांड लेकर पुनः पूछताछ की गई।

#### 10 बार कर चुका है बांग्लादेश से आना जाना

आरोपी मिलन मंडल ने बताया कि वर्ष 2003 से लगातार 10 बार बांग्लादेश से भारत आना एवं भारत में अपनी पहचान छिपाकर रहने के लिए वर्ष 2015 में अपना पेन कार्ड पुरुलिया पश्चिम बंगाल के दलाल शब्बीर के माध्यम से बनावाया फिर वर्ष 2016 में कर्नाटक के हुगली के दलाल हसन से आधार कार्ड भी कर्नाटक के पते का बनवा लिया। आरोपी मिलन मंडल पूर्व में भी छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, रामानुजगंज बलरामपुर, पेंड्रा, रायगढ़ में चोरी में शामिल रहा है। जिला रायगढ़ के थाना चक्रधनर नगर में दो अपराध एवं कोतरा रोड में एक चोरी के मामले में रायगढ़ जेल में बंद रहा। 02 वर्ष की सजा काट कर रिहा होने के बाद सरायपाली, बसना, सांकरा क्षेत्र में चोरियां की।

#### महिलाओं के माध्यम से 18 लाख पहुंचा बांग्लादेश

आरोपी का साथी गणेश बर्मन महिलाओं के जरिये पैसा बार्डर के उस पार बांग्लादेश भेजता है, जो महिलाएं बार्डर में खेती कार्य के लिए आते है। उन्ही में से महिला एजेंट कपड़ों में पैसा एंव सामान छिपाकर बार्डर पार कराते है। गणेश बर्मन ने महिला एजेंट के माध्यम से 18,10,000 रुपये बांग्लादेश भेजा, जिसे बांग्लादेश में रहने वाले एजेंट फिरदुस ने मिलन मंडल की पत्नी तक पहुचाया।

#### गिरफ्तार आरोपी

01. मिलन मण्डल पिता मुजम्मिल मंडल, उम्र 40 साल निवासी ग्राम पार्वतीपुर जिला दिनाजपुर राज्य रंगपुर, बांग्लादेश हाल पता बध्व मुजम्मल मंडल मुधोल रोड अवंति गली जामखंडी जिला बागलकोट, कर्नाटक।

02. अफसर मंडल पिता सुप्पूर महमूद मंडल उम्र 70 वर्ष सा. मध्य कृष्णरामपुर, शाहपुकुर थाना कुमारगंज, जिला दक्षिण दिनाजपुर, पं. बंगाल। 03. जयदेव करमाकर पिता मनिंद्रनाथ करमाकर उम्र 54 वर्ष ग्राम डांगाहाट थाना कुमारगंज, जिला दक्षिण दिनाजपुर, पं. बंगाल। 04. मो० शफीक शेख उर्फ बाबू शेख पिता मो० इदरिश सेख उर्फ आमिर शेख उम्र 43 वर्ष निवासी पार्वतीपुर जिला दक्षिण दिनाजपुर राज्य रंगपुर, बांग्लादेश हाल पता वार्ड न० 28. दात्रि मस्जिद के पारा, दरबार गली बीजापुर विजयापुरा कर्नाटक अन्य पता माल्दा रेलवे स्टेशन के पास ग्राम भोजपुर थाना इंग्लिश बाजार जिला माल्दा पं बंगाल।

#### कार्रवाई में यह रहे शामिल

कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागबाहरा मिलिन पांडेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी बसना निरीक्षक नरेंद्र राठौर, निरीक्षक शशांक पौराणिक, थाना प्रभारी सांकरा निरीक्षक राणा सिंह ठाकुर, प्रभारी सायबर सेल उपनिरीक्षक संतोष सिंह, प्रआर मिनेश ध्रुव, महेंद्र पटेल, नीलकंठ नायक, कृपाल सिदार आर रमाकांत साहू, संदीप भोई, रवि यादव, योगेंद्र बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रापर्टी की जानकारी लेने गए ईओडब्लू के अफसरों से कवासी बोले- ईडी को सौंप चुका हूं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसर दूसरे दिन गुरुवार को पूछताछ करने रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। जेल में कवासी लखमा से दो घंटे की पूछताछ के बाद अफसर लौट आए। एक डीएसपी तथा एक टीआई रैंक के अफसर पूर्व आबकारी मंत्री से पूछताछ करने दोपहर 12 बजे के करीब जेल पहुंचे थे। जांच एजेंसी के अफसरों ने कवासी लखमा से एक बंद कमरे में उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ की। इस पर कवासी लखमा ने कहा कि जो बातें वे पूछ रहे हैं, वही बातें पूर्व में ईडी के अफसर उनसे पूछताछ कर चुके हैं। संपत्ति का ब्योरा मांगे जाने पर कवासी लखमा ने कहा कि उनके पास जो प्रापर्टी के दस्तावेज हैं, वो सभी दस्तावेज ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं।



*झल्लाते हुए कहा- जेब में जानकारी लेकर नहीं चलता : ईओडब्लू के अफसर कवासी लखमा से उनकी प्रापर्टी से संबंधित जानकारी लेने अलग-अलग एंगल से पूछताछ कर रहे थे। इस पर कवासी लखमा बुरी तरह से झल्ला गए और अफसरों से कहा कि क्या वे प्रापर्टी के दस्तावेज जेब में लेकर घूम रहे हैं, जिनकी मैं हर समय जानकारी रखूंगा।*

# एक साल पहले हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा के नतीजे अटके, संग हुए जेई के रिजल्ट जारी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं का हाल बेहाल है। पीएससी में हुए घोटालों के बाद व्यापम की लेट-लतीफी से भी परीक्षार्थी जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि एक साथ हुई भर्ती परीक्षाओं मे एक के परिणाम जारी कर दिए गए हैं तो दूसरी परीक्षा के परिणामों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मामला इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा का है। व्यापम द्वारा स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। भर्ती परीक्षा के तहत कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स व सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 3 मार्च को भर्ती परीक्षा ली गई। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में देरी के कारण बेरोजगारों की समस्या। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। जबकि साथ हुए कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है।इसमें चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग भी हो गई है। दूसरी ओर सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा के उम्मीदवार अपने चयन की आस लगाए परीक्षा परिणामों की बांट जोह रहे हैं।


नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष
मान. श्रीमती मोंगरा किशन पटेल जी
व जिला पंचायत उपाध्यक्ष
मान.भीखम सिंह ठाकुर (नेताम) जी
तथा सभी सदस्यों को आज शपथ ग्रहण के लिए
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. किशन पटेल जी
मान. श्रीमती मोंगरा किशन पटेल जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद
मा. भीखम सिंह ठाकुर (नेताम) जी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद
सदस्य गण
जागेश्वर जुगनू चंद्राकर
श्रीमती सृष्टि अमर चंद्राकर
श्रीमती देवकी पटेल
नैन पटेल
रवि फरीदिया
करण दीवान
श्रीमती रामदुलारी सिन्हा
श्रीमती जगमोती भोई
श्रीमती सीमा नायक
श्रीमती देवकी पुरुषोत्तम दीवान
मोक्ष कुमार प्रधान
लोकनाथ बारी
कुमारी भास्कर
-कार्यक्रम-
शपथ ग्रहण समारोह 2025
22 मार्च 2025
दिन-शनिवार
समय : दोपहर 12 बजे
-स्थान-
जिला पंचायत महासमुंद
विनीत:- समस्त शुभचिंतक गण


मान. चुन्नीलाल साहू जी
पूर्व सांसद, महासमुंद लोकसभा
मान. ऐतराम साहू जी
जिलाध्यक्ष, भाजपा महासमुंद
मान. अल्का चंद्राकर जी
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा
महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने पर
मान. भीखम सिंह ठाकुर जी
को बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा महासमुंद
श्री भोजनाथ देवांगन जी
पूर्व पार्षद, छात्र नेता
मान. भीखम सिंह ठाकुर जी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद

**खबर संक्षेप**

### 8 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 02 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोइनाबाहराकला के मृतक थनोज साहू एवं गाम गांजर के मृतक जाग्रव उर्फ महेश साहू के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला स्वच्छ मिशन प्रबंधन समिति की बैठक 26 को

**महासमुंद।** जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की प्रगति के संबंध में बुधवार 26 मार्च 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पीएम जनमन के चयनित ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम घोषित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्मित कचरा संग्रहण शेड को क्रियाशील किए जाने, निर्मित सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील कर संधारण करने, 15वें वित्त एवं 16 वें वित्त के जीपीडीपी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों को शामिल किए जाने एवं प्लास्टिक मैनेजमेंट के लिए निर्मित यूनिट को क्रियाशील कर समीप ग्राम को लिंक करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधितों को उक्त बैठक में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

### पीएम इंटर्नशिप : 26 एवं 27 को शिविर आयोजन

**महासमुंद।** केंद्र शासन की पीएम इंटर्नशिप योजना 2.0 अंतर्गत राज्य में 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाने के लिए रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा 26 और 27 मार्च 2025 को शासकीय पॉलीटेक्निक बरोंडाबाजार महासमुंद में सुबह 11 बजे से शाम 05 तक पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना में 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक आवेदक पंजीयन करा सकते हैं।

### चंडी दाई सिरपुर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** जय चंडी दाई सिरपुर में चैत्र नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है। यहां मनोकामना के अखंड ज्योति प्रज्जवलित किए जाएंगे। गंधेश्वरनाथ महादेव मंदिर ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि अखंड ज्योति के लिए 651 रुपए की राशि तय की गई है। 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे नवरात्र में अभिजीत मुहूर्त 11.36 से 12.24 तक कलश स्थापना एवं पूजन किया जाएगा। 2 अप्रैल को पंचमी, 4 को सप्तमी व 5 अप्रैल को अष्ठमी का हवन पूजन होगा।

## बैठक : स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल की हुई समीक्षा

# सूचकांकों की सतत समीक्षा होती रहे: निधि छिब्बर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीति आयोग की महानिदेशक व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम निधि छिब्बर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल, वित्तीय समावेश, और बुनियादी ढांचे में हुए कार्यों की समीक्षा की और रैंकिंग सुधारने के लिए अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन की दिशा में काम करने के निर्देश दिए।




छिब्बर ने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। साथ ही कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंकड़े लक्ष्य पूर्ति के पश्चात ही सतत समीक्षा करते रहे ताकि विकास की प्रक्रिया न रूके। उन्होंने कहा कि मैदानी अमलों को जो आंकड़े भरते हैं, उनका प्रशिक्षण किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.आलोक ने विभागीय गतिविधियों से संबंधित प्रगति एवं लक्ष्य के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी। समीक्षा में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, बीमारियों की पहचान के लिए अभियान चलाने और कुपोषित बच्चों के लिए सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सुधार करने की बात की गई और पारम्परिक व्यवसायों को कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### नीति आयोग की महानिदेशक निधि छिब्बर ने आकांक्षी जिलों के प्रगति सूचकांकों की समीक्षा

छिब्बर ने डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण की भी आवश्यकता बताई और बच्चों के कम वजन की समस्या पर ध्यान देते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों में एनआरसी खोले जाएं। वहीं किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संघ का निर्माण भी किया जाए। महिलाओं को उनके रिवॉल्विंग फंड समय पर उपलब्ध कराएं। ताकि, फंड से अपने व्यवसायों को गति दे सकें। छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों को आपस में समन्वय कर डाटा एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग को शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए नियमित वार्षिक कैलेंडर का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। अध्यापकों को राज्य एवं जिला स्तर पर अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं जिले के विभिन्न विभागों के जलि अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूथ एवं इको क्लब के संचालन के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रत्येक शालाओं में यूथ एवं इको क्लब के प्रभावी संचालन हेतु पूर्व माध्यमिक शालाओं के विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आशीबाई गोलछा सुमित्रा भवन सभागार महासमुंद में किया गया। इस प्रशिक्षण का मार्गदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को शाला के बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे भविष्य में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक सिद्ध होंगे। बच्चों को वृक्षारोपण, प्लास्टिक उपयोग की हानियां एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के दौरान यूथ एवं इको क्लब के गठन की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि बाल कैबिनेट में मंत्रिमंडल का गठन कर बच्चों को उनके उत्तरदायित्वों से अवगत कराना चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षकों ने इसके दुष्प्रभावों को समझाया और प्लास्टिक के घातक प्रकारों की पहचान करने तथा इसके उपयोग को कम करने पर बल दिया। प्रशिक्षण में पोषण वाटिका निर्माण, वृक्षारोपण, बागवानी, सीड्स बाल निर्माण, जैविक खाद निर्माण जैसी गतिविधियों पर जोर दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 8 सप्ताह की प्लास्टिक साक्षरता गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण सर्वेक्षण, जल प्रदूषण, समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण, प्लास्टिक विकल्प जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने कहा कि यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से बच्चों में कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने शालाओं में गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं। प्रशिक्षण के सफल संचालन में मास्टर ट्रेनर गुमान चंद्राकर, नरेश साहू, सोहन साहू, भारती सोनी, धनेश्वरी सिन्हा, ममता चंद्राकर, सीमा जैन का योगदान रहा। योगेश मधुकर, शत्रुघन ध्रुव, राजेंद्र साहू, उमेश्वरी पटेल, सुनीता ठाकुर, मनी चंद्राकर, किरण ठाकुर, एवं सभी शिक्षकों ने टीम बनाकर चित्र चार्ट के माध्यम से सहभागिता किए। विशेष सहयोग प्राचार्य जीआर सिन्हा, प्रधानपाठक गैंदराम साहू, सीएसी पवन साहू, केशव साहू, भुनेश्वर साहू, रेणु चंद्राकर, प्रवीण सोनकुंवर का रहा।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा

- 5 लाख तक मुफ्त इलाज की विशेष सुविधा मिलेगी

आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष सुविधा शुरू की गई है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा उनके पारिवारिक आयुष्मान कार्ड से अलग होगी, जिससे वे स्वतंत्र रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिले में 62, 137 पात्र हितग्राहियों का वय वंदना कार्ड बनाया जाना है, जिनमें से अब तक 7, 834 हितग्राहियों (12.6 प्रतिशत) का कार्ड बन चुका है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इसी प्रकार से एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक का इलाज मुफ्त उपलब्ध होता है। यदि परिवार में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक हैं, तो वे अपना वय वंदना कार्ड बनवाकर अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की अलग से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड" बनाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। यह कार्ड सरकारी अस्पतालों और च्वाईस सेंटरों में मुफ्त में बनाया जाएगा। यदि पहले से आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, तो ई-केवाईसी अनिवार्य होगी। वय वंदना कार्ड को मोबाइल ऐप या पोर्टल के माध्यम से आधार लिंक मोबाइल ओटीपी, बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट, या फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा बनाया जा सकता है। जिले में शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार बचे हुए हितग्राहियों के लिए विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बैंक सखियां, और अन्य विकासखंड स्तरीय कर्मचारी शिविर लगाकर कार्ड बनाने में सहायता करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी सरकारी अस्पताल या च्वाईस सेंटर पर जाकर जल्द से जल्द वय वंदना कार्ड बनवा लें। इस कार्ड के माध्यम से उन्हें भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य समस्या के दौरान आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।




# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रमः हुई चालानी कार्रवाई 18 चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को महासमुंद में संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के निर्देशन, डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी एनटीपीसी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा एक्ट 2003 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 18 चालान काटे। कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य धारा 04 सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, धारा 06 (अ) नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचने और उपयोग करने पर प्रतिबंध एवं धारा 06 (ब) के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध करना है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानु एवं औषधि निरीक्षक वधेश भारद्वाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों की जांच की गई। कार्रवाई में थाना निरीक्षक शरद दुबे एवं प्रधान आरक्षक नरेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।



# पीजी महाविद्यालय में फाइलेरिया की दवाई का किया गया वितरण

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशानुसार एवं कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडेय, अजय कुमार राजा प्रभारी यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के उपस्थिति में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में ग्राम मचेवा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को ऊंचाई के अनुसार फाइलेरिया से बचने की दवाई का वितरण किया गया। महाविद्यालय में कुल 70 विद्यार्थी सहित अधिकारियों ने फाइलेरिया की दवाई ली। अजय कुमार राजा यूथ रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी द्वारा फाइलेरिया के दुष्प्रभाव को बताया गया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जो मच्छर के काटने से होती है। इसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी के लक्षण ये हैं कि बुखार, बदन में खुजली, पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द और सूजन, पैरों और हाथों में सूजन इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने से फाइलेरिया की संभावना होती है। फाइलेरिया दवाई वितरण ग्राम मचेवा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुकृति ध्रुव एवं योजना यादव एवं मितानिन लक्ष्मी देवांगन व हुलसी सिन्हा द्वारा किया गया। साथ ही प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, रोहित ढीमर जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक खुशबू कन्नौजे, शीतल देवांगन, काजल कुर्रे, उर्मिला साहू ने सहयोग प्रदान किया।




### नवकिरण में प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी शुरू

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं शुभम देव नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु किया जा रहा है। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय के 13 अभ्यर्थियों का चयन सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा हेतु हुआ है- प्रमिला मांडले, पीताम्बर डड़सेना, पुष्पा बैरागी, सुनील कुमार बंजारे, ब्रिजेश बारिक, शेष नारायण शुक्ला, विपिन तिवारी, कोमल राठी, पूजा महानंद, पोखेंद्र दीवान, युगल ध्रुव, भारती माण्डले, टेकेंद्र साहू का चयन हुआ है। इस अवसर पर इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद, एस आलोक जिला पंचायत सीईओ महासमुंद, शुभम देव नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, मोहन राव सावंत जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद व सदस्य सचिव नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय, एमजी सतीश नायर सहायक संचालक, रेखराज शर्मा, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ-चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल-यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल,विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू आदि ने हर्ष जताया है।

## मरार समाज की कार्यकारिणी हुई बैठक, अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा



**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के ग्राम परसुली के भवन में कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। सर्वप्रथम समाज के ईष्टदेवी मां भगवती शांकभरी की पूजन अर्चन कर की गई। पश्चात समाज के सभी पदाधिकारियों का स्वागत गुलाल रोली चंदन से टीका लगाकर किया। समाजिक परिचर्चा में कुछ सामाजिक नियमावली को संशोधित करने हेतु विचार किया गया। इसके अलावा समाजिक गतिविधियों तथा विभिन्न मुददे पर चर्चा की हुई। इस दौरान नर्राराज संयोजक लोचन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, सोहनलाल पटेल, दुकालूराम पटेल, परमेश्वर पटेल, नेतराम पटेल, पदुमलाल पटेल आदि मौजूद रहे।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित प्राक्चयन परीक्षा कल

**महासमुं।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा के आयोजन में आंशिक संशोधन किया गया है। उक्त लिखित प्राक्चयन परीक्षा रविवार 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## प्लांट की ओपनिंग 20 मार्च को होना था, लेकिन जांच के दौरान बंद पाया गया

# बिरकोनी के औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण टीम की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के

- कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

निर्देशानुसार 21 मार्च को औद्योगिक क्षेत्र स्थित तुलसी फॉस्फेट लिमिटेड, शुभम आर्गेनिक फैक्ट्री बिरकोनी जिला महासमुंद का श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र एवं जिला खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह, नाप तौल निरीक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं पर्यावरण विभाग से जितेन्द्र सिंह जूनियर सांईटिस्ट द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। प्लांट की ओपनिंग 20 मार्च को होना बताया गया एवं प्लांट अभी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की ओर से पावर प्लांट में उपयोग होने वाली खनिज रॉक फॉस्फेट जो प्लांट के परिसर में डंप था के संबंध में वैद्य दस्तावेज के साथ खनिज विभाग के विभागीय पोर्टल में परिवहन करने के लिए निर्देशित किया गया। विधिक मापविज्ञान विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान तौल उपकरण व धर्मकांटे के सत्यापन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही तौल यंत्र की जांच के लिए बाट रखने एवं समय में तौल यंत्रों के सत्यापन करवाने के लिए निर्देशित किया गया।



पर्यावरण विभाग से कोई उल्लंघन होना नहीं पाया गया। श्रम विभाग द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, अंतर्गत प्रमुख नियोजक एवं नियोजित ठेकेदारों का एक माह के भीतर अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत भी अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया एवं कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित दर से वेतन भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया गया। पश्चात औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी स्थित शुभम आर्गेनिक प्लांट का गठित द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर प्लांट में उपस्थित चौकीदार द्वारा प्लांट विगत 04 माह से बंद होना बताया गया। फैक्ट्री बंद की सूचना श्रम विभाग को नहीं दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411